LABURNUM PUBLIC SCHOOL

FROM DARKNESS TO LIGHT

CBSE Affiliation No. : 532007 | An ISO 9001:2015 Certified

Circular No.:LPS/2026-27/23 **Date: 12.08.2026**

Dear Parents,

As per **CBSE Circular No. Acad-53/2026 dated 04 August 2026**, the **"Har Ghar Tiranga Campaign 2026"** is being observed from **09 August to 17 August 2026** under the aegis of the **Ministry of Education, Government of India**. The campaign is being organised along with the commemoration of **150 years of the National Song "Vande Mataram."**

The campaign aims to encourage citizens to **hoist the National Flag (Tiranga) at their homes** and develop a sense of pride, respect and emotional connection with our National Flag.

We request all parents to actively participate in this national campaign along with their wards by:

1. **Hoisting the National Flag at home** in accordance with the **Flag Code of India**, ensuring that the Tiranga is treated with due dignity and respect.
2. **Encouraging your ward to participate in the "Selfie with Tiranga" initiative** through the official **Har Ghar Tiranga Portal**.
3. **Sending one small Tiranga with your ward on 14 August 2026** for participation in the school's campaign-related activities. The flag should be handled and displayed respectfully.
4. **Creating awareness at home** by discussing the importance of our National Flag, national symbols, constitutional values and the spirit of patriotism with your ward.

Parents are encouraged to visit the official portal for campaign-related information and resources:

Har Ghar Tiranga: https://harghartiranga.com/

Your active participation will help inculcate **constitutional values, patriotism, respect for national symbols and a sense of national pride** among our students.

Let us come together as a school community to celebrate the spirit of **"Har Ghar Tiranga"**, honour our National Flag and strengthen our connection with the **Tiranga and our nation**.

Jai Hind!

प्रिय अभिभावकों,

सीबीएसई परिपत्र संख्या **Acad-53/2026 दिनांक 04 अगस्त 2026** के अनुसार, **"हर घर तिरंगा अभियान 2026"** का आयोजन **09 अगस्त से 17 अगस्त 2026** तक भारत सरकार के **शिक्षा मंत्रालय** के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह अभियान **राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य** में आयोजित कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर **राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराने** के लिए प्रेरित करना तथा हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति **गौरव, सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव** की भावना विकसित करना है।

हम सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनें और निम्नलिखित गतिविधियों को प्रोत्साहित करें:

1. **अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराएँ** तथा यह सुनिश्चित करें कि तिरंगे का प्रदर्शन **भारतीय ध्वज संहिता (Flag Code of India)** के अनुसार एवं पूर्ण सम्मान के साथ किया जाए।
2. अपने बच्चे को **"तिरंगे के साथ सेल्फी (Selfie with Tiranga)"** पहल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें तथा आधिकारिक **हर घर तिरंगा पोर्टल** के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज करें।
3. **14 अगस्त 2026 को अपने बच्चे के साथ एक छोटा तिरंगा विद्यालय भेजें**, ताकि विद्यालय में अभियान से संबंधित गतिविधियों में विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले सकें। तिरंगे को उचित सम्मान एवं गरिमा के साथ रखा और संभाला जाए।
4. **घर पर बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जागरूक करें** तथा उन्हें हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों, संवैधानिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना के प्रति सम्मान विकसित करने के लिए प्रेरित करें।

अभिभावक अभियान से संबंधित जानकारी एवं संसाधनों के लिए आधिकारिक पोर्टल पर भी जा सकते हैं:

हर घर तिरंगा: https://harghartiranga.com/

आपकी सक्रिय सहभागिता हमारे विद्यार्थियों में **संवैधानिक मूल्यों, देशभक्ति, राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना** विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आइए, हम सभी मिलकर **"हर घर तिरंगा"** अभियान की भावना को आत्मसात करें, अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करें और **तिरंगे तथा राष्ट्र के प्रति अपने जुड़ाव को और मजबूत करें।**

जय हिन्द!

Regards,
Dr. Bhavana Chibber
Principal
Laburnum Public School
Bhondsi, Gurugram

Visit us on www.laburnumpublicschool.com | Call for more information +91-8377000147 | Follow us on